सरदार पटेल पुलिस,सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

(गृह विभाग, राजस्थान सरकार)

E-mail :-registrar@policeuniversity.ac.in, Website :- www.policeuniversity.ac.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक :– एफ.10(70)/SPUP/EO/2026/General Maintenance Work/ दिनांक : 09 SEP 2026

सीमित बोली सूचना– 22/2026–27

सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर परिसर में अवांछित उग आयी समस्त झाड़ियों को जड़ सहित हटाये जाने एवं उक्त हटायी गई झाडियों को विश्वविद्यालय परिसर से बाहर ले जाने के कार्य हेतु सीलबंद सीमित बोली आमंत्रित की जाती है। उक्त बोली नीचे उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार भरी जाएगी। बोलियाँ आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 28 सितम्बर 2026 को दोपहर 2:00 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं:–

कार्यः–"विश्वविद्यालय परिसर में अवांछित उगी झाडियों को जड़ सहित हटाये जाने के कार्य से सम्बन्धित बोली"

Work:-Removal of Unwanted Wild Shrubs/Uprooted Bushes including their Roots from the University Campus

1.	कार्यालय का नाम	सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, लोरड़ी पंडितजी, जोधपुर–342037
3.	अनुमानित लागत	राशि रूपये 1,20,000/– मात्र
4..	**बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि**	28 सितम्बर 2026 को दोपहर 2:00 बजे तक
5.	**बोली की वैधता अवधि**	90 दिवस
6.	**बोली को खोलने की दिनांकः** 28.06.2026 **समय–** दोपहर 3.00 बजे **बोली प्रस्तुत करने का स्थान–** सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, लोरड़ी पंडितजी, जोधपुर–342037	
7.	**कार्य स्थल** – सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, लोरड़ी पंडितजी, जोधपुर–342037 परिसर	
8.	**प्रथम अपीलीय अधिकारी**	कुलगुरू, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर
9.	**द्वितीय अपीलीय अधिकारी**	अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर

डॉ. अंशु प्रिया
आई.ए.एस.
कुलसचिव

क्रमांक :– एफ.10(70)/SPUP/EO/2026/General Maintenance Work/ दिनांक :

प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सूचना सहायक, एसपीयूपी, जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त सीमित बोली वेबसाइट **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.policeuniversity.ac.in** पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
2. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा
3. मैसर्स ....

डॉ. अंशु प्रिया
आई.ए.एस.

RajKaj Ref No.: 24435762

Digitally signed by ANSHU PRIYA
Designation: Registrar
Date: 2026-09-08 19:59:24 IST

v-1.0

सरदार पटेल पुलिस,सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय
ग्राम लौरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037
(गृह विभाग, राजस्थान सरकार)
E-mail :-registrar@policeuniversity.ac.in, Website :- www.policeuniversity.ac.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

कुलसचिव

बोली की शर्ते निम्न प्रकार से रहेंगीः–

1. कार्य विश्वविद्यालय परिसर में अवांछित उगी हुई झाडियों, खरपतवार एवं अन्य वनस्पतियों को जड़ सहित हटाने का होगा। हटाई गई झाडियाँ, खरपतवार के कारण हुए खड्ढो को समतल करना होगा।
2. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त एवं बिना सीलबंद (unsealed) सीमित बोली किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। डाक विलंब के लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा। फैक्स/ई–मेल द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।
3. सीमित बोली संलग्न निर्धारित प्रारूप (Perform) में, फर्म के लेटरहेड पर, स्वामी/साझेदार/निदेशक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। यदि सीमित बोली अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षरित है, तो प्राधिकरण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
4. दरें भारतीय रुपये में तथा निर्धारित प्रारूप के अनुसार अंकित की जानी चाहिए। दरें समस्त करों (जीएसटी इत्यादि) सहित अंकित की जावें। यदि कोई कर लागू हो, तो उसे अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए।
5. उक्त कार्य हेतु आवश्यक सभी सामग्री, वाहन, मशीनरी, लेबर तथा पाट्र्स, अन्य संसाधनों आदि की व्यवस्था सफल बोली दाता द्वारा की जाएगी। दरें निर्धारित करते समय सभी मदों की लागत को ध्यान में रखा जाना चाहिए।
6. बोलीदाता द्वारा वित्तीय बोली में समस्त कर, श्रमिक व्यय, परिवहन व्यय, लोडिंग–अनलोडिंग, उपकरण व्यय एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्यय सम्मिलित करते हुए दर अंकित करनी होगी।
7. कार्य क्षेत्र, मात्रा एवं कार्य की प्रकृति इत्यादि के लिए इच्छुक बोलीदाता कार्य स्थल का निरीक्षण कर सकता हैं।
8. कार्य में झाड़ियों को जड़ सहित उखाड़ना, एकत्रित करना, परिसर से बाहर ले जाना तथा नियमानुसार निस्तारण करना सम्मिलित होगा।
9. कार्य के दौरान विद्युत, जलापूर्ति, सड़क, भवन, पाइपलाईन, केबल अथवा परिसंपत्तियों को किसी प्रकार की क्षति होने पर उसकी भरपाई सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा अपने व्यय पर की जाएगी।
10. सफल बोलीदाता को कार्यादेश जारी होने के 15 दिवस में कार्य पूर्ण करना होगा।
11. भुगतान केवल वास्तविक रूप से संतोषजनक ढंग से पूर्ण किए गए कार्य के आधार पर किया जाएगा।
12. कार्य के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा, श्रम कानूनों, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम एवं अन्य लागू नियमों का पालन करना बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी।
13. कार्य के दौरान किसी भी दुर्घटना, चोट अथवा जन–धन हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।
14. दरों में किसी प्रकार की काट–छांट या उपरिलेखन (Overwriting) स्वीकार्य नहीं होगी। उपरिलेखन पर बोलीदाता के लघु हस्ताक्षर होने चाहिए।
15. उद्धृत दरें सीमित बोली खोलने की तिथि से कम से कम 90 दिनों तक वैध होनी चाहिए।
16. केवल L-1 (सबसे कम दर) होना ही कार्य आदेश देने का आधार नहीं होगा, 'जब तक कि दरें उचित एवं न्यायसंगत न हों।
17. फर्म/एजेंसी निम्नलिखित शर्तों को पूरा करे तथा उनके स्व–प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करेः
    फर्म राजस्थान सरकार/केंद्र सरकार के साथ पंजीकृत हो।
    फर्म के पास वैध GST नंबर हो।
    फर्म किसी भी सरकारी एजेंसी/विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड न हो। (100 रु नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)

RajKaj Ref No.:
24435762

Digitally signed by
ANSHU PRIYA
Designation: Registrar
Date: 2026-09-08
19:59:24 IST

v-1.0

18. "पूर्व पुष्टि के अधीन", "तत्काल स्वीकृति के अधीन" जैसे अस्पष्ट एवं अनिश्चित अभिव्यक्तियों वाले सीमित बोली को अस्वीकार्य माना जाएगा। किसी भी प्रकार का सशर्त सीमित बोली मान्य नही होगी।
19. **विवादः** किसी भी प्रकार के विवाद या असहमति की स्थिति में, कुलगुरू, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर को संदर्भित किया जाएगा, जिनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
20. विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी सीमित बोली या पूरी बोली प्रक्रिया को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। उपापन, संस्था में अधिकार निहित है।
21. उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं राजस्थान लोक उपापन नियम, 2012 एवं 2013 के प्रावधान लागू रहेंगे।
22. किसी भी विवाद की दशा में न्याय क्षेत्र जोधपुर शहर रहेगा।
23. झाड़ियों, खरपतवार हटाने इत्यादि कार्य संस्था के सम्पदा शाखा के निर्देशानुसार सम्पादित करना होगा।
24. झाड़ियों, खरपतवार हटाने के साथ किसी भी पेड़ को नही हटाना हैं। यदि सफलबोलीदाता द्वारा किसी पेड़ का सम्पदा शाखा की अनुमति के बिना हटाया तो जुर्माना राशि वसूल की जावेगी तथा तुरन्त कार्यादेश निरस्त कर दिया जावेगा।

डॉ. अंशु प्रिया
आई.ए.एस.
कुलसचिव

RajKaj Ref No.:
24435762

Digitally signed by
ANSHU PRIYA
Designation: Registrar
Date: 2026-09-08
19:59:24 IST

v-1.0

सरदार पटेल पुलिस,सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

(गृह विभाग, राजस्थान सरकार)

E-mail :-registrar@policeuniversity.ac.in, Website :- www.policeuniversity.ac.in

"फर्म का विवरण"

फर्म का नामः	
फर्म का पूर्ण पताः	
GST नम्बर मय स्वहस्ताक्षरित प्रतिः	
PAN नम्बर मय स्वहस्ताक्षरित प्रतिः:	
मोबाईल न.:	
ई–मेल आई.डी.	

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर)

RajKaj Ref No.:
24435762

Digitally signed by
ANSHU PRIYA
Designation: Registrar
Date: 2026-09-08
19:59:24 IST

v-1.0

सरदार पटेल पुलिस,सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय

ग्राम लोरड़ी पण्डितजी, जोधपुर (राज.)–342037

(गृह विभाग, राजस्थान सरकार)

E-mail :-registrar@policeuniversity.ac.in, Website :- www.policeuniversity.ac.in

"दरों का विवरण"

क्र. सं.	कार्य का विवरण	इकाई	मात्रा	कुल राशि रुपये (समस्त करों सहित अंकों एवं शब्दों में)
1.	विश्वविद्यालय परिसर में अवांछित उगी झाडियों, खरपतवार एवं अन्य वनस्पतियों को जड़ जहित उखाडना, एकत्रित करना, एवं विश्वविद्यालय से बाहर ले जाकर निस्तारण करना तथा झाड़ियों इत्यादि के उखाड़ने पर हुए खड्डों को समतल करना। कार्य में आवश्यक श्रमिक, उपकरण, परिवहन, लोडिंग–अनलोडिग तथा अन्य समस्त व्यय सम्मिलित होंगे।	एकमुश्त	एक कार्य	

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर)

घोषणाः– उक्त वित्तीय बिड में हमारे द्वारा प्रस्तुत की गयी दरों पर बोली सूचना में अंकित शर्तों पर कार्य करने हेतु हमारी फर्म सहमत हैं।

(बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर)

RajKaj Ref No.:
24435762

Digitally signed by
ANSHU PRIYA
Designation: Registrar
Date: 2026-09-08
19:59:24 IST

v-1.0